सम्मानीय महोदय/महोदया,

सादर जय जिनेन्द्र!



- नूतन वर्ष 2016 की शुभकामनाओं के साथ आपके न्यास की चौमासी उन्नति को हम इस पत्र के माध्यम से अवगत कराना चाहते हैं।
- सर्वप्रथम हम आपको सूचित करते अत्यंत हर्षित हैं कि प.पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज सागर शहर से मात्र 130 कि.मी. की दूरी पर तेंदूखेडा में विराजमान हैं,
- चलित चिकित्सा इकाई– इस सेवा अन्तर्गत कबीर मानव सेवा धाम मझगुवां अहीर, आनंद आश्रम, विद्या पब्लिक स्कूल सागर, जमुनिया गौड, प्रोगेसिव पब्लिक स्कूल, बाघराज आंगनवाडी, पंडापुरा आंगनवाडी, श्यामपुरा आश्रम, आंगनवाडी पिपरिया, तिली गांव आंगनवाडी, मूदडा, बडतुआ, बेरखेडी, सेमाढाना आदि जगहों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गये। जिसमें 2070 बच्चे, वृद्ध, महिलाएं तथा पुरूष लाभान्वित हुए। दर्शाये स्थलों पर डॉ. बी.पी. त्रिवेदी ने अपनी सेवायें दी तथा दवाईयों का वितरण निःशुल्क किया गया।
- चिकित्सा शिविर – दिनांक 16.11.2015 को मोराजी जैन मंदिर, दिनांक 17.11.2015 को जैन धर्मशाला सुभाष नगर, 18.11.2015 को बाहुबली जैन मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिससे लगभग 160 मरीज लाभांवित हुए। इन शिविरों में डॉ. गौरव जैन ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।
- रक्तदान शिविर – दिनांक 26.09.2015 को ज्ञान ज्योति गणेश समिति द्वारा रामपुरा वार्ड सागर में, दिनांक 01.10.2015 को सदभावना रक्तदान सेवा समिति द्वारा शाहपुर ग्राम में, 02.10.2015 को पी.टी.सी. ग्राउंड में तथा लाइंस क्लब सागर द्वारा भगवानगंज में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 66 इकाई रक्त प्राप्त हुआ।
- 05 सितम्बर 2015 – इस दिवस जबलपुर मेडीकल वि.वि. के तत्कालीन कुलपति डॉ. डी. के. लोकवाणी आकस्मिक दौरे पर पधारे। आपने भाग्योदय तीर्थ न्यास परिसर का भ्रमण कर यहॉ संचालित इकाईयों का अवलोकन किया साथ ही यहॉ की सेवाओं की प्रशंसा भी की। अध्ययनरत विद्यार्थियों को आपने संबोधित करते हुए विद्यार्थी जीवन को संस्कारवान बनाने हेतु अपनी बात कही तथा उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।
- विश्व हृदय दिवस – दिनांक 29 सितम्बर 2015 विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में न्यास के सौजन्य से होटल वरदान में डॉ. प्रयंक जैन (डी.एम. कार्डियो) का व्याख्यान आयोजित हुआ जिसमें बृहद संख्या में चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित हुए तथा डॉ. प्रयंक के व्याख्यान का लाभ लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रदीप चौहान ने कार्यक्रम का संचालन किया।
- आचार्य श्री का अवतरण दिवस – संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की जन्म जयंति के उपलक्ष्य में दिनांक 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2015 तक चिकित्सा परीक्षण पर मरीजों को 20% अतिरिक्त करूणादान दिया गया। कुल K.78752.00/- का करूणादान संस्था द्वारा दिया गया।
- क्षय रोगियों की सेवार्थ बैठक का आयोजन – दिनांक 19.11.2015 को क्षय रोगियों के उपचार एवं उन्हें सुविधाएं देने हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ, पैरामेडीकल स्टॅाफ, आशा कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाएं उपस्थित हुईं। बैठक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश कौसल, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुनील जैन तथा डॉ. सलिल भार्गव ने संबोधित किया।
- गढाकोटा गजरथ महोत्सव – सागर शहर से मात्र 40 कि.मी. की दूरी पर प.पू. आचार्य श्री के सानिध्य में दिनांक 30 नवम्बर 2015 से 06 दिसम्बर 2015 तक गजरथ महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवधि में भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के चिकित्सकों ने शिविर लगाकर सेवाएं प्रदान कीं। जिसमें लगभग 350 व्यक्ति लाभांवित हुए।
- गजरथ महोत्सव रहली – सागर शहर से मात्र 35 कि.मी. की दूरी पर रहली में दिनांक 08 दिसम्बर 2015 से 14 दिसम्बर 2015 तक प.पू. आचार्य श्री के सानिध्य में गजरथ महोत्सव का आयोजन किया गया। यहॉ भी भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के चिकित्सकों ने अपनी सेवायें प्रदान कीं। यहॉ लगभग 325 मरीज लाभांवित हुए।
- गहन चिकित्सा कक्ष का लोकार्पण – वर्ष के अंतिम दिवस दिनांक 31 दिसम्बर 2015 को गहन चिकित्सा कक्ष अंतर्गत सामान्य गहन चिकित्सा कक्ष, वातानुकूलित हृदय गहन चिकित्सा कक्ष, का लोकार्पण ए.पी.आई. के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप चौहान, आई.एम.ए. सचिव डॉ. प्रॉमिस जैन तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.के.पाल के आतिथ्य में किया गया।
- नवीन चिकित्सा विशेषज्ञ – सितम्बर माह से यहॉ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रयंक जैन की सेवाएं संचालित है। डॉ. प्रयंक सागर शहर में प्रथम डी.एम. हैं। माह नवम्बर से वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सुभाष जैन एवं डॉ. प्रदीप कुर्मी एम.डी. मेडीसिन की सेवाएं भी प्रारंभ हो गई हैं।
- नर्सिंग महाविद्यालय – शिक्षक दिवस 05 सितम्बर 2015 को महाविद्यालय में जबलपुर मेडीकल कॉलेज के कुलपति डॉ. डी. लोकवाणी के आतिथ्य में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यासी द्वारा महाविद्यालय फैकल्टी को सम्मानित किया। आतिथ्य उद्बोधन में डॉ. लोकवाणी ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उद्बोधन देते हुए नैतिक मूल्यों के परिपालन करते हुए जीवन में आगे बढने की बात कही।
  - विश्व अल्जाइमर दिवस दिनांक 21 सितम्बर 2015 को विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर श्रीधर सर के निर्देशन में मानव मस्तिष्क को स्वस्थ्य रखने हेतु विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर बनाकर प्रर्दशनी आयोजित की गयी।
  - विश्व रेबीज दिवस – दिनांक 28 सितम्बर 2015 को विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस हेमा रजक महोदया के निर्देशन में विद्यार्थियों ने कुत्ते के काटने पर क्या हो सकता है, और उसका निदान क्या है पर परिचर्चा आयोजित की गई। पोस्टरों के माध्यम से भी विषयांतर्गत चर्चा हुई।
  - विश्व रक्तदान दिवस – 01 अक्टूबर 2015 को विश्व रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस प्रियंका सैनी महोदया के निर्देशन में रक्तदान विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।
  - विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस – 10 अक्टूबर 2015 को धान्या महोदया के निर्देशन में अमरीन स्कूल सागर मानसिक रोगियों से कैसा व्यवहार किया जावे विषय पर पोस्टर एवं नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी बात रखी।
  - अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस – दिनांक 17 अक्टूबर 2015 को शिल्पा जोशी महोदया के निर्देशन में विद्यार्थी वृद्धाश्रम गये, वहॉ वृद्धों की सेवा की तथा अन्नादानम कार्यक्रम अंतर्गत 35 वृद्धों को भोजन कराया।
  - विश्व टीकाकरण दिवस – दिनांक 10 नवम्बर 2015 को प्रभा महोदया के निर्देशन में विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाये एवं शिशु स्वास्थ्य रक्षा हेतु टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

- बाल दिवस – 14 नवम्बर 2015 को पं. जवाहर लाल नेहरू की जन्म जयंति मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला सुरक्षा दिवस – 25 नवम्बर 2015 को निमिता तब्बी महोदया के निर्देशन में महिला सुरक्षा विषय पर विद्यार्थियों ने सेमीनार आयोजित कर अपने विचार व्यक्त किए।
- विश्व एड्स दिवस – दिनांक 01 दिसम्बर 2015 को महेन्द्र विश्वकर्मा महोदय के निर्देशन में विशाल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने चौराहों पर नुक्कड नाटक का प्रदर्शन भी किया।
- फॉर्मेसी महाविद्यालय – यहॉ बताते हुए हर्ष हो रहा है कि राजीव गांधी प्रौद्योगिकी वि.वि. भोपाल द्वारा आयोजित न्यास द्वारा संचालित फॉर्मेसी महाविद्यालय M.Pharm II सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में सना खान ने 8.52 SGPA, दिव्या ठाकुर ने 8.36 SGPA, तथा स्नेहलता यादव ने 8.2 SGPA, अंक अर्जित कर सफलता का परचम फहराया है। इसी प्रकार B. Pharm II सेमेस्टर में नैनसी जैन, प्रियांसु जैन, तथा मोनिका जैन, सेमेस्टर में टीना जैन, रिंकी विश्वकर्मा, आयुशी जैन तथा पलक कांसल, में अनुश्री जैन, प्रियंका जैन, आकांक्षा मलैया, सरगम सोनी तथा हेमंत ठाकुर ने उच्तम अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवांवित किया है।
- पैरामेडीकल महाविद्यालय – यहॉ संचालित DMLT द्वि वर्षीय पाठ्यक्रम की सभी 50 बैठक संख्या भरी जा चुकी हैं। जुलाई 2016 से एक्स–रे, ओ.टी तथा डायलिसिस तक्नीशियन पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जा रहे हैं, इस हेतु विगत माह परियोजना प्रस्ताव म. प्र. सहचिकित्सीय परिषद भोपाल को भेजा गया है।
- माह दिसम्बर 2015 में छगनलाल स्वरूपचंद चेरिटेबिल ट्रस्ट दिल्ली ने K.2,50,000/-, की राशि दान दी जिसके लिए भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ न्यास ह्रदय से आभारी है।
- माह सितम्बर से दिसम्बर 2015 में आपके संस्थान द्वारा K.960458.00/- का अतिरिक्त करूणादान मरीजों के लिए किया गया।
- चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए भोजन तथा डायलिसिस के मरीजों एवं रक्तदानी के लिए दूध, नास्ता की निःशुल्क व्यवस्था दान–दाताओं के माध्यम से प्रतिदिन की जा रही है। आप भी इस पुण्य कार्य में अपनी चंचला लक्ष्मी का उपयोग कर पुण्य लाभ ले सकते हैं। आप अपनी दान राशि संस्था के A/c 30476854924 (SBI) सागर में सीधे जमा करें या चेक/ड्रॉफ्ट/मनीआर्डर द्वारा भेज सकते हैं।
- हमें आपके मूल्यवान सुझाव 07694009102 पर SMS करके या पत्र लिखकर भेज सकते हैं।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी